विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री ने की राज्य सरकार की पहली वर्ष गांठ के आयोजन की शुरूआत
- 'हर वर्ष 12 दिसम्बर को 'रन फॉर विकसित राजस्थान' आयोजित होगा'

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे युवा देश की धरोहर हैं। जब युवा आगे बढ़ेंगे, तो देश-प्रदेश आगे बढ़ेगा। युवाओं की ऊर्जा, जोश एवं प्रतिभा ही राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि हम सभी की भागीदारी से विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा।

शर्मा गुरूवार को अमर जवान ज्योति पर आयोजित 'रन फॉर विकसित राजस्थान' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'रन फॉर विकसित राजस्थान' की यह दौड़ हमारी एकजुटता, दृढ़ संकल्प और राज्य के विकास की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि युवा सशक्त होंगे तो राजस्थान सशक्त होगा। इसी लक्ष्य के साथ प्रदेश में अब से हर वर्ष 12 दिसम्बर को 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं को राज्य की प्रगति में भागीदार बनने की प्रेरणा मिले।

युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं भी युवाओं के साथ दौड़े। अपने साथ मुख्यमंत्री को दौड़ लगाते हुए देख युवा उनकी सादगी के कायल हो गए। इस दौड़ में एनसीसी, एनएसएस, आरएसी, होमगार्ड और आमजन सहित 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि भारत के भविष्य का मार्ग अब बड़े सपनों, बड़े संकल्पों की सिद्धि का है। आज विकसित भारत का निर्माण ही हर देशवासी का ध्येय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के इसी ध्येय को अपना संकल्प बनाकर हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। प्रधानमंत्री ने यह करके दिखाया है। यह सदी भारत की है, भारत के युवाओं की है।



अमर जवान ज्योति पर आयोजित 'रन फॉर विकसित राजस्थान' में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं भी युवाओं के साथ दौड़े।

शर्मा ने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में कई बार राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किए हैं। इस बार पेरिस पैरालंपिक में हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, कांस्य सहित कुल 3 पदक जीते। हमारी सरकार खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं विकसित कर रही है।

उन्होंने कहा कि राइजिंग समिट के दौरान भी खेलों के लिए 15 हजार करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षिरत हुए हैं, जिससे युवाओं को खेलों में और आगे बढ़ने के अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा टारगेट ओलम्पिक पोडियम स्कीम से ओलम्पिक में भाग लेने वाले 50 प्रतिभाशाली युवाओं को विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, राजस्थान में खेलो इंडिया राष्ट्रीय यूथ गेम्स-2026 का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल एवं युवा नीति लाने, महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने सहित खेलों के विकास की विभिन्न कार्य कर रही है।

खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिट इंडिया, योग दिवस, श्री अन्न, स्वच्छ भारत जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को फिट, स्वस्थ, स्वच्छ रहने की दिशा दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान में युवाओं के लिए बहुत काम हो रहा है। आगामी 5 सालों में 4 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा राइजिंग राजस्थान के माध्यम से प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने विकसित राजस्थान के प्रतीक के रूप में आसमान में गुब्बारे छोड़े तथा हरी झंडी दिखाकर 'रन फॉर विकसित राजस्थान' मैराथन की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल, सुंदर सिंह गुर्जर सहित कई खिलाड़ियों को चैक एवं प्रशस्ति-पत्र वितरित किए।

इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा, गुरवीर सिंह, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू सहित उच्च अधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

सी.एम.के काफिले में टैक्सी घुसाने वाले ड्राइवर की मौत

- 20 दिन पहले ही दूसरी बार पिता बना था मृतक पवन

जयपुर (कासं)। जगतपुरा इलाके में अक्षयपात्र चौराहे पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में टैक्सी घुसाने वाले ड्राइवर पवन की गुरूवार को मौत हो गई। मृतक ड्राईवर पवन 20 दिन पहले ही दूसरी बार पिता बना था। गत 11 दिसंबर को हुए एक्सीडेंट में एएसआई सुरेंद्र सिंह की पहले ही जान चली गई थी। हादसे में घायल 4 पुलिसकर्मियों का इलाज चल रहा है। हादसा बुधवार दोपहर तीन बजे अक्षयपात्र सर्किल पर हुआ था। घायल टैक्सी ड्राइवर को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

परिजनों के मुताबिक मृतक पवन करौली का रहने वाला था। जगतपुरा सात नंबर बस स्टैंड के पास किराए पर रहता था। साथ में पत्नी और दो बच्चे भी रहते थे। एक बच्चा ढाई साल का है, जबकि दूसरा बच्चा 20 दिन का। डेढ़ साल पहले ही विदेश से नौकरी छोड़कर जयपुर आया था। विदेश में करीब डेढ़ साल नौकरी की थी। सूत्रों की मानें तो बुधवार को वी.वी.आई.पी. सुरक्षा में दो बड़ी चूक हुई। जगतपुरा के अक्षयपात्र चौराहे पर जहां मुख्यमंत्री के काफिले में टैक्सी गाड़ी टकराने का हादसा हुआ, ठीक यहीं पर करीब 1 घंटे बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की कारों के बीच एक सिलेंडर से भरा ट्रक घुस गया। उपराष्ट्रपति लघु उद्योग भारती द्वारा सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में आए थे। जबकि मुख्यमंत्री भी इस कार्यक्रम में जा रहे थे।

तेजस्विनी गौत्तम को सौंपी जांच

वहीं दूसरी और पुलिस मुख्यालय ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में जगतपुरा के अक्षयपात्र चौराहे पर टैक्सी गाड़ी घुसने के मामले की जांच डी.सी.पी. ईस्ट तेजस्विनी गौत्तम को सौंपी है। बुधवार दोपहर को हुए इस हादसे में जहां ए.एस.आई. सुरेन्द्र सिंह की मौत हो गई थी, वहीं गुरूवार को टैक्सी ड्राइवर पवन ने भी दम तोड़ दिया। हालांकि पुलिस मुख्यालय ने सीएम सुरक्षा में चूक को देखते हुए बुधवार देर रात को ही इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच के आदेश जारी कर दिए थे। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि इस घटना की जाँच डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम को सौंपी गई है। इस घटना में मुख्यमंत्री की गाड़ी भी दुर्घटनाग्रस्त होते हुए बाल-बाल बची थी। डीजीपी साहू ने इस दुर्घटना में पुलिस एएसआई सुरेन्द्र सिंह की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

नाम परिवर्तन

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मोना देवी दर्ज है तथा मेरे एस.बी.आई. बैंक के खाता नम्बर 51033268847 में मेरा नाम मुन्नी देवी खंगार दर्ज है। जो कि मेरे ही नाम है। मोना देवी व मुन्नी देवी खंगार उक्त दोनो नाम मेरे ही है। जो कि सही है। अतः भविष्य में मुझे इन्हीं नामों से जाना एवं पहचाना जाए।

मोना देवी उर्फ मुन्नी देवी खंगार पत्नी श्री बाबूलाल खंगार
खंगारो का मौहल्ला, तह.निवाई (टोंक)

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांकः ( )जविप्रा/जोन-11/2024 डी-4150 **सार्वजनिक सूचना** दिनांकः 11.12.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निजी विकासकर्ता द्वारा सृजित निजी खातेदारी की निम्न आवासीय योजना का अनुमोदन जविप्रा द्वारा किया गया हैः-

क्रं. सं.	विकासकर्ता	ग्राम व खसरा नम्बर	योजना का नाम	पट्टे वितरण प्रारम्भ करने की दिनांक
1.	मैसर्स श्रीरामचन्द्र इन्फ्रा डवलपर्स जरिये अधिकृत साझेदार विजय कुमार सैनी ग्राम तेजावाला, तहसील, सांगानेर, जयपुर	ग्राम तेजावाला, तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित खसरा नं. 820/15, 822/14, 824/27, 823/27, 28, 28/2, 29/1, 30/1, 28/1, 31/1, 32/1, 30/2, 31/2 कुल किता 13 कुल रकबा 1.3478 हैक्ट.	निजी खातेदारी की योजना उन्नति एनक्लेव	18.12.2024

योजना के भूखण्डधारी कृपया नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करें। उपायुक्त जोन-11, जविप्रा, जयपुर

आम सूचना दिनांकः 11.12.2024
सर्वसाधारण को सुचीत किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य जगदीश प्रसाद पुत्र श्री हिरालाल ने एक प्लाट नम्बर 46 कुल क्षेत्रफल 100 वर्गगज स्थित गोपी विहार ग्राम धानक्या, जयपुर का सौदा पुष्पक सक्सैना निवासी जयपुर से किया इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 15 दिवस मेरे अभिभाष्य के मोबाईल नम्बर 9413901998 पर सूचित करें या मुझसे सम्पर्क करें। बलवीर सिंह, एडवोकेट, मो.: 9829045720

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य फकरूद्दीन शेख पुत्र मोहम्मद सद्दीक शेख, आयु-58 वर्ष, निवासी-प्लाट नम्बर-50, रामेश्वरधाम-बी, बैनाड, लोहा मण्डी रोड, जयपुर (राजस्थान) का निवासी है। मेरे अभिभाष्य के तीन पुत्र क्रमशः इरफान शेख, आदिल शेख व शोहेल शेख है, मेरे अभिभाष्य ने अपने तीनो पुत्रो इरफान शेख, आदिल शेख व शोहेल शेख तथा मेरी अभिभाष्य की पुत्रवधु (इरफान की पत्नी) व मेरी पत्नी श्रीमती अफरोज बानो तथा मेरे अभिभाष्य की एक पुत्री सबा शेख (अविवाहिता) उपरोक्त ने आपसी मिलीभगत से मेरे अभिभाष्य की पुत्री सबा शेख द्वारा मेरे अभिभाष्य के विरूद्ध एक प्रथम सूचना रिपोर्ट नम्बर-84/2023, पुलिस थाना-हरमाड़ा, जयपुर में अन्तर्गत धारा-376, 511 आई.पी.सी. व धारा 7, 8 पोक्सो एक्ट मे दर्ज करवायी गई है, उपरोक्त एफ.आई.आर. मे पुलिस अनुसंधान कर माननीय न्यायालय के समक्ष चालान पेश किया है, जिसमे मेरे अभिभाष्य को न्यायालय द्वारा पोक्सो की धाराओ मे दोषी नही माना। मेरे अभिभाष्य ने अपने तीनो पुत्रो इरफान शेख, आदिल शेख व शोहेल शेख तथा मेरी अभिभाष्य की पुत्रवधु (इरफान की पत्नी) व मेरे अभिभाष्य की पत्नी श्रीमती अफरोज बानो, जो कि मेरे अभिभाष्य के कहने मे नही है और आये दिन झगडा-फसाद करते हुए झूठे केसो मे फंसाने की धमकियां देते है। अतः मेरे अभिभाष्य द्वारा उक्त मेरा अभिभाष्य ने अपने तीनों पुत्रों इरफान शेख, आदिल शेख व शोहेल शेख तथा मेरे अभिभाष्य की पुत्रवधु (इरफान की पत्नी) व मेरे अभिभाष्य की पत्नी श्रीमती अफरोज बानो व पुत्री सबा शेख को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति, बैंक बैलेन्स, जमीन-जायदाद, सोना-चाँदी से बेदखल करता है। उपरोक्त से मेरे अभिभाष्य ने अपने सभी सम्बन्धों को समाप्त कर लिया है इरफान शेख, आदिल शेख, शोहेल शेख, अफरोज बानो, सबा शेख व इरफान की पत्नी द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन, सव्यवहार के लिए मेरा अभिभाष्य कतई उत्तरदायी नही पर होगा, मेरे अभिभाष्य की मृत्यु के बाद उसकी समस्त चल व अचल सम्पत्ति बडी पुत्री फरहीन का मालिकाना हक होगा। सूचित रहे।
जयपुर (थिमना राम पूनियाँ) एडवोकेट मो.9829053302

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुक्तफरिक) वाद सं. 30/2024
विकास गुप्ता बनाम जन साधारण
पेशी दिनांक-18.01.2025
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम विकास गुप्ता पुत्र स्व. श्री सुरेश चन्द गुप्ता, आयु 57 वर्ष जाति अग्रवाल, निवासी 6/356 एस एफ एस अग्रवाल फार्म, मानसरोवर जयपुर, राजस्थान-302020
मृतक श्रीमती गुनवनी गुप्ता धर्म पत्नि डॉ. सुरेश चन्द जी गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय मे इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती गुनवनी गुप्ता धर्म पत्नि स्व. डॉ. सुरेश चन्द जी गुप्ता जाति अग्रवाल निवासी 6/356 एस एफ एस, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर राजस्थान 302020 का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 18.01.2025 को समय 10.00 बजे न्यायालय में प्रस्तुत उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 19 माह 11 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा न्यायालय से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश संख्या 3सांगानेर प्रथम

आम सूचना मैं मन्जू जैन पत्नी स्व.सुभाष चन्द्र जैन उम्र 63 साल जाति महाजन निवासी नवलगढ़ तहसील नवलगढ़, जिला झुंझुनू राजस्थान। हाल आबाद ग्रीन पार्क विधानसभा नगर ए मानसरोवर जयपुर निवासी रहने वाली हूं। एक कार नंबर RJ 18 CE 5952 इंजन नम्बर - K12NP4241664 चैचीस नंबर MBHJWC13SPD424248 का रजिस्टर्ड मालिक मेरे पति स्व. सुभाषचन्द्र जैन पुत्र स्व विजयकुमार जैन जाति महाजन निवासी नवलगढ़ हाल निवासी जयपुर जिनका स्वर्गवास 2.11.24 मानसरोवर जयपुर में हो गया है। इस कार पर मेरा स्वामित्व है। इस वाहन को अब मैं मेरे नाम से ट्रांसफर करवाना चाहती हूँ। इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी। इस पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 07 दिन में अपनी आपत्ति परिवहन विभाग झुन्झुनू में दर्ज करवा सकते है।

नाम परिवर्तन
मेरी पुत्री ज्योति परमार के विद्यालय रिकॉर्ड में सहवन से माता का नाम सोनल वर्मा व पिताजी का नाम भाई लाल वर्मा अंकित हो गया। जबकि माता का सही नाम सोनल परमार व पिताजी का नाम भाई लाल परमार है। भविष्य में मुझे सोनल परमार पत्नी भाई लाल परमार के नाम से जाना व पहचाना जावे। एवं विद्यालय रिकॉर्ड में इसे सही करनें की कृपा करें।
निवासीः प्लॉट नं. 87, ग्रीन पार्क, निवारू लिंक रोड, गोविन्दपुरा, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान-302012

COLLEGE OF AGRICULTURE
(S.K.N. Agriculture University-Jobner)
Bhusawar: Bharatpur (Rajasthan)-321406
Mob: 9414714234 Email.dean.coabhusawer@sknau.ac.in
No.F.( )/Dean-COAB/2024/ 720 Dated: 11.12.2024
NOTICE INVITING BID
Bid for open tender regarding laboratory Instruments are invited from interested bidders upto 11 AM, 19.12.2024. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state or www.sknau.ac.in University website.
NIB code SKN2425A0252 and UBN is SKN2425GSOB00256
Raj.Samwad/C/24/8990 DEAN

ए.एस.आई. सुरेंद्र सिंह का पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में घुसी टैक्सी को रोकने के प्रयास में शहीद हुए थे

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में घुसी टैक्सी को रोकने के प्रयास में शहीद हुए ए.एस.आई. सुरेंद्र सिंह (52) गुरुवार शाम नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़) स्थित पैतृक गांव काठ का माजरा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और बाद में बेटे आकाश ने मुखाग्नि दी। इससे पूर्व गुरुवार सुबह जयपुर पुलिस लाइन में दिवंगत सुरेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि दी गई।

बताया जा रहा है कि एएसआई सुरेंद्र सिंह 25 साल की पुलिस सर्विस में आए थे और ज्यादातर जयपुर में ही पोस्टेड रहे। सुरेंद्र सिंह 6 महीने पहले ही ट्रांसफर होकर ट्रैफिक में आए थे। साल 1992 बैच के सुरेंद्र सिंह नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़) के गांव काठ का माजरा के रहने वाले थे। उनके पिता रोहिताश इंडियन अर्मी में कैप्टन थे। सुरेंद्र सिंह राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती हुए थे। साल 2018 में प्रमोशन के बाद एएसआई बने थे। जयपुर के करणी विहार इलाके में सुरेंद्र सिंह पत्नी और बेटा-बेटी के साथ रहते थे। उनका बेटा एमबीबीएस के बाद इंटर्नशिप कर रहा है। बेटी यूपीएससी की तैयारी कर रही है। उनके पिता गांव में ही रहते हैं। सुरेंद्र सिंह तीन बहनों के इकलौते भाई थे। सुरेंद्र सिंह स्ट्रीट डॉग्स लवर थे। पिछले 25 साल से डॉग्स को खाना खिला रहे थे। उनके इस धार्मिक काम में उनकी पत्नी का भी बराबर सहयोग रहता था। पडौसी कर्मवीर चौधरी ने बताया कि एएसआई सुरेंद्र सिंह अक्सर गांव आते रहते थे। उनकी पढाई भी दूसरे शहर में हुई थी, लेकिन उन्होंने कभी परिवार और गांव से अपना लगाव नहीं छोड़ा। हालाकि सुरेंद्र सिंह उनसे उम्र में बड़े थे, लेकिन जब भी गांव आते थे, हमेशा साथ खेलते थे। हंस मुख और शांत स्वभाव के सुरेंद्र सिंह को गाड़ियों का बहुत शौक था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में घुसी टैक्सी को रोकने के प्रयास में शहीद हुए ए.एस.आई. सुरेंद्र सिंह को गुरुवार सुबह जयपुर पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि दी।

रणमल सिंह के निधन पर शोक जताया

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और विधानसभाध्यक्ष ने स्वाधीनता सेनानी और सीकर के पूर्व विधायक रणमल सिंह के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने किसान हित में और सहकारिता के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों को स्मरण करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है। देवनानी ने कहा है कि स्वर्गीय सिंह ने सीकर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

नाम परिवर्तन
मैंने मेरा नाम कालू राम मीणा पुत्र श्री छाजूराम मीणा से बदलकर राम मीना रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी ग्राम दांतली, ध्यावणा की ढाणी, तहसील सांगानेर, जयपुर।

मैंने अपना नाम शुभ्रा शर्मा से बदलकर शुभ्रा गुप्ता रख लिया है। प्लॉट-2 कृष्णा सरोवर विस्तार धोलाई मानसरोवर जयपुर

मैं शोबेंद्र सिंह चौहान पुत्र श्री राजेंद्र सिंह चौहान निवासी 220 चांदपोल गेट के बाहर, नारी का नाका, शास्त्री,जयपुर ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम शोभेंद्र सिंह चौहान से बदलकर शोबेंद्र सिंह चौहान कर लिया है।

I have changed my Name from Priya to Priya Tuli W/o Jayant Tuli in all my documents for all future purposes. R/o- T-02/1003, Kanakpura Rangoli Greens, Panchayawala, Jaipur, Raj.- 302034

खोया पाया
मेरा फ्लैट नम्बर डी-1/5/7 एल.आई.जी. द्वारकापुरी अपार्टमेंट, सैक्टर 26 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का मूल अलाटमेंट लेटर कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें। कमलेश गिरी

मेरे मकान नम्बर 14/159 कावेरी पथ, मानसरोवर, जयपुर का आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, डिमाण्ड लेटर, मुख्यारनामा इकरारनामा, वसीयतनामा एवं चैन सम्बन्धित दस्तावेज कहीं खो गये है। मिलने पर सूचित करें। रेणु मनसुखानी 9529451905

आदित्य कुमार सिंह एवं अनमोल कुमार सिंह पुत्रान स्व. श्री अजय करदम जाति जाटव ने अपना प्लाट नं. बी-92 मंगलम विहार सीकर रोड जयपुर अपनी माताजी ममता करदम के नाम हकत्याग कर दिया। हकत्याग के कागजात कहीं गुम हो गये मिलने पर सूचित करें। मो. 9694296595, 6377828167

न्यू सेन्ट लोरेन्स शिक्षा समिति जयपुर पता 42 चित्रकूट नगर, टीलावाला, जगतपुरा जयपुर का मूल विधान की प्रति व सदस्य सूची कहीं खो गई है। मिलने पर सूचित करें सचिव, प्रिन्स प्रधान-9460286488

उत्तर पश्चिम रेलवे
आवश्यक सूचना
सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि **खातीपुरा-जगतपुरा स्टेशनों** के मध्य **फाटक संख्या-214** (सीबीआई फाटक) रेल पथ मरम्मत कार्य हेतु **दिनांक 13.12.2024 को सुबह 8:00 से दिनांक 20.12.2024 को शाम 18:00 बजे तक पूर्णरुप से बन्द रहेगा।** असुविधा के लिए खेद है।
1433-AJ/24 वरि.म.इन्जी.(मुख्या.) जयपुर
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)
क्रमांक-11264-76 दिनांक-11.12.2024
निलामी सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पुलिस में स्टेशनरी स्टोर, कार्यालय हाजा में उपयोग अवधि पूर्ण कर चुके एवं अनुपयोगी आई.टी. उपकरणों यथा कम्प्यूटर, प्रिन्टर, फैक्स मशीन, कैमरा इत्यादी सरकारी सामान की किमत राशि 1986459/- रूपये (अक्षरे उन्नीस लाख छियासी हजार चार सौ उनसठ रूपये मात्र) की निलामी की जानी है। उक्त निलामी की खुली बोली दिनांक 27.12.2024 को प्रातः 12 बजे पुलिस लाईन सवाई माधोपुर में गठित कमेठी द्वारा सार्वजनिक निलामी की जावेगी। अतः इच्छुक खरीददार/बोलीदाता को जरिये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। निलामी की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
पुलिस अधीक्षक
जिला सवाई माधोपुर

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)
क्रमांकः- ननिको(उ.)/जनस्वा./2024/311-321 दिनांकः- 10.12.2024
-:: ई-निविदा सूचना ::-
नगर निगम कोटा उत्तर के निम्न कार्य हेतु (E-Tendering) के माध्यम से आमंत्रित है, ई-निविदा N.G.O./Animal Wellfair organization Recognized by the A.W.B.I से अथवा ऐसे संस्थान जो कार्यादेश जारी हाने से पूर्व उक्त पंजीयन प्राप्त कर सके/निविदा से संबंधित प्रपत्र शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा को इसी वेबसाईट ऑनलाईल भरी जानी है। निविदा की जानकारी नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाईट www.Kotamc.org पर भी देखी जा सकती है। अन्य जानकारी हेतु नगर निगम कोटा उत्तर के प्रशासनिक भवन में कमरा नं 303 में सम्पर्क कर सकते है।
अनुमानित राशि 97,00,000/- रूपये।
UBN :-DLB2425SLOB13148
NIB :-DLB2425A4294
अति० आयुक्त
नगर निगम कोटा उत्तर
राज.संवाद/सी/24/8977

कार्यालय ग्राम पंचायत पटवारी का बास
पंचायत समिति खण्डेला (सीकर)
पत्रांक-83-85 दिनांक-04.12.2024
ई-निविदा सूचना संख्या 03-5/2023-24
इस कार्यालय द्वारा सीसी ब्लॉक निर्माण कार्यो को पूर्ण सम्पादित करने हेतु एक/तीन/दो वर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटी के साथ उपर्युक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई टेण्डर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
उक्त कार्य के NIB NO. PIT2425A0229, PIT2425WSOB00236, PIT2425WSOB00238, PITWSOB00237, PIT2425A0230, PIT2425A0231
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पटवारी का बास
सरपंच ग्राम पंचायत पटवारी का बास

डॉ. सतीश पूनिया ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

जयपुर। भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने राजधानी जयपुर में राजभवन पहुँचकर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें रामराज्य पुस्तक भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच राजस्थान प्रदेश से जुड़े जनहित व विकास के विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि मिलनसार व जमीन से जुड़े व्यक्तित्व के धनी राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े के लम्बे सामाजिक व राजनीतिक अनुभव का लाभ प्रदेश की उन्नित में महत्वपूर्ण साबित होगा, राज्यपाल हरिभाऊ का राजस्थान से लगाव अद्भुत है, वे प्रदेश की प्रगति को लेकर संकल्पित हैं एवं सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास के लक्ष्य के साथ सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मध्यस्थता के माध्यम से 11 प्रकरणों का निस्तारण हुआ

जयपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में चन्द्रप्रकाश श्रीमाली, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय के निर्देशन में डॉ. रूबीना परवीन अंसारी, जज इंचार्ज(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम सं. 3), मीडियेशन सेन्टर, जयपुर महानगर द्वितीय, पल्लवी शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय व प्रभा अग्रवाल, मध्यस्थ (अधिवक्ता), मीडियेशन सेन्टर, जयपुर महानगर द्वितीय के संयुक्त प्रयासों से पचास वर्ष पुरानी 6 अपीलों का मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण किया गया। न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम सं. 9, जयपुर महानगर द्वितीय में लंबित 6 अपीलों से संबंधित प्रकरणों में पूर्व में 1938 में एक विभाजन पत्र निष्पादित किया गया जिसके पश्चात इस संबंध में विभिन्न दीवानी मुकदमें विचाराधीन रहे।

वर्तमान में उक्त प्रकरण/अपीलें अंतिम बहस के स्तर पर न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम सं. 9, जयपुर महानगर द्वितीय में लंबित थी। सन् 1975 में पक्षकारान के मध्य विवाद का विचारण शुरू हुआ। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शर्मा ने बताया कि उक्त 6 अपीलों में रालसा के निर्देशन में विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय के मध्यस्थ प्रभा अग्रवाल एवं अपीलों में पक्षकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता भरत सिंह एवं अप्रार्थी की आरे से उपस्थित अधिवक्ता लक्ष्मीकान्त द्वारा मिलकर प्रकरण में आपसी समझौते के माध्यम से निस्तारण के अथक प्रयास किए गए।

सन् 1975 से चल रहे इन प्रकरणों/अपीलों में 50 वर्ष बाद समझौता के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निस्तारण करवाया गया है। उक्त समझौते के आधार पर पक्षकारान के मध्य विभिन्न न्यायालयों एवं राजस्थान उच्च न्यायालय में चल रहे अन्य 5 प्रकरणों की निस्तारण भी किया जावेगा। इस प्रकार मध्यस्थता के माध्यम से 11 प्रकरणों का निस्तारण होना संभव हो पाया है।

पल्लवी शर्मा ने जानकारी दी कि मध्यस्थता के माध्यम बिना किसी झगड़े के प्रकरणों में दोनों पक्षों के मध्य समझौता हो जाता है चूंकि यह समझौता दोनो पक्षों की सहमति से होता है अतः इसकी अपील भी नहीं की जा सकती है तथा प्रकरण का निस्तारण उसी स्टेज पर हो जाता है। उन्होने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में बढ़ रही पेंडेंसी को कम करने में मदद मिलती है साथ ही पक्षकारों के मध्य बिना झगड़े के विवाद का निस्तारण हो जाता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में गुरूवार को मध्यस्थता के माध्यम से 11 मामलों का निस्तारण किया गया।

कार्यालय सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं बाल अधिकारिता भरतपुर
(261 राजेन्द्र नगर, भरतपुर)
e-mail:-adicps.btp@rajasthan.gov.in Phone No. 05644-294710
क्रमांकः-डीसीपीयू/2024-25/860 दिनांकः- 11.12.2024
ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25
मिशन वात्सल्य यो